- कालीबंगा के टीलों की खुदाई के दौरान दो भिन्न कालों की सभ्यता प्राप्त हुई है। **पहला भाग** 2400 ई. पू. से 2250 ई. पू. का है तथा **दूसरा भाग** 2200 ई. पू. से 1700 ई. पू. का है। **यहाँ सरस्वती व दृषद्वती नदियों की घाटियों में** हड़प्पाकालीन विकसित सभ्यता के अवशेष प्राप्त हुए हैं। **सरस्वती नदी को आजकल घग्घर नदी कहते है।** यहाँ पर 12 मीटर ऊँचे और आधा किलोमीटर क्षेत्र के 2 टीलों की खुदाई की गयी। यह सभ्यता उत्तर से दक्षिण 250 मीटर तथा पूर्व से पश्चिम तक 80 मीटर तक फैली हुई थी।
- पूर्व हड़प्पाकालीन इस स्थल से **सबसे पहले हल के द्वारा जुताई** के अवशेष **दक्षिण-पूर्वी भाग** में मिले हैं। **एक ही खेत में दो तरह की फसलों को एक साथ उगाया जाता था,** कम दूरी के साँचों में चना या अधिक दूसरी के साँचों में सरसों बोई जाती थी।
- यहाँ से एक दुर्ग, जुते हुए खेत, सड़कें, बस्ती, गोल कुओं, नालियों, मकानों व धनी लोगों के आवासों के अवशेष प्राप्त हुए हैं। कमरों में ऊपर की ओर छेद किए हुए किवाड़ व मुद्रा पर व्याघ्र का अंकन एकमात्र इसी स्थल पर मिला है। कालीबंगा से **सात अग्निवेदियाँ** प्राप्त हुई हैं। यहाँ प्राप्त सिन्धु घाटी पुरावशेषों के संरक्षण हेतु एक संग्रहालय की स्थापना की गयी है।
- खुदाई में सीसा, कपड़े के टुकड़े अनेक प्रकार की चूड़ियाँ, खिलौने, पहियेदार गाड़ी व तांबे के औजार मिले हैं। नाप-तोल बाँट, तांबे का बैल्ट, हाथीदाँत का कंघा आदि अनेक वस्तुएँ मिली हैं। यहाँ पर मिट्टी की मोहरें मिली हैं, जिन पर सैन्धव सभ्यता के तुल्य चित्र अंकित है, जो यहाँ की लिपि है। कालीबंगा से प्राप्त हड़प्पाकालीन मृदभाण्डों को उनके आकार, बनावट और मुख्यत: उनके रंग के आधार पर 6 उपभागों में विभाजित किया गया है। खुदाई में विचित्र बर्तन भी मिले हैं जिन पर फूल, पत्ती, चौपड़, पक्षी, खजूर एवं पशुओं के चित्र खड़िया मिट्टी से चित्रित हैं। अलंकरण के लिए **लाल धरातल पर काले रंग का ज्योमितीय, पशुपक्षी का चित्रण बहुतायत से मिलता है।**
- कालीबंगा में प्राप्त चूल्हे वर्तमान तंदूर के समान थे। खाद्य सामग्रियों में फल, फूल, दूध, दही, जौ, गेहूँ, मांस आदि का प्रयोग होता था। ये भेड़-बकरी, गाय, भैंस, बैल, भैंसा तथा सुअर आदि पशुओं को पालते थे। कालीबंगा के निवासी ऊँट भी पालते थे। कुत्ता भी उनका पालतू जीव था।
- कालीबंगा से मिली माटी की वृषभाकृति तो कलाकौशल की दृष्टि से विशेषरूप से उल्लेखनीय है। इस वृषभ की यह विशेषता है कि इसका सिर इस तरह बनाया गया है कि आवश्यकतानुसार उसे धड़ से अलग किया जा सकता है और उसे पुन: धड़ से जोड़ा जा सकता है। कालीबंगा से प्राप्त बेलनाकार मुहरें मेसोपोटामिया (वर्तमान ईराक) की मुहरों जैसी है। यहाँ पर बच्चे की खोपड़ी मिली है। जिसमें 6 छेद है, इससे जल कपाली या मस्तिष्क शोध की बीमारी का पता चलता है।
- इस काल के लोगों ने समचतुर्भुजाकार रक्षा प्राचीर के अन्दर अपने आवासों का निर्माण किया है। इस सुरक्षा प्राचीर को दो चरणों में बनाने के प्रमाण मिले हैं। रक्षा प्राचीर के अन्दर - बाहर दोनों ओर से मिट्टी का लेप किया गया है। कालीबंगा में दो टीले विद्यमान हैं। पश्चिम के छोटे एवं अपेक्षाकृत ऊँचे टीले को **'गढ़ीक्षेत्र' (दुर्ग)** कहा जाता है तथा बड़े एवं अपेक्षाकृत निचले टीले को नगर क्षेत्र। दोनों को अलग-अलग सुरक्षात्मक दीवार (परकोटे) से सुरक्षित किया गया था। **दुर्ग क्षेत्र का ऐसा द्विभागीकरण किसी अन्य सैंधव स्थल पर नहीं मिला है।**
- कालीबंगा सभ्यता 5 स्तर में विभाजित है। इसमें दो बहुत प्राचीन है। दो बाद में बने विदित होते है। प्रथम व द्वितीय काल तो हड़प्पा से भी पहले का आंका जाता है। यहाँ प्राप्त मकान कच्ची ईंटों से बने हुये है। मकान हवादार एवं दो ओर की सड़क से जुड़े हुये होते थे। साधारणत: मकानों में दालान तथा चार या पाँच बड़े कमरे होते थे। गन्दे पानी को निकालने के लिए गोलाकार भाण्ड होते थे। मकानों की नालियाँ, शौचालय, भट्टियों एवं कुछ संरचनाओं में पकी ईटों का प्रयोग किया गया है। **कालीबंगा का एक फर्श पूरे हड़प्पा काल का एकमात्र ऐसा उदाहरण है जहाँ अलंकृत ईटों का प्रयोग हुआ है।** सड़कों की चौड़ाई 1.8 मीटर से 7.2 मीटर थी। चार मुख्य सड़कें उत्तर से दक्षिण और तीन पूर्व से पश्चिम को जाती थी। मकानों में चूल्हों के अवशेष भी मिले हैं। यहाँ पर एक गढ़ी मिली है जिसकी ऊँचाई 30.7 मीटर थी। 40×20×10 सेमी. की मोटी ईंट काम में आती थी।

- यहाँ पर तीन प्रकार की कब्रें मिली हैं, जो आयताकार, गोलाकार एवं हांडियों के आकार की हैं। 1750 ई. पू. तक यह सभ्यता फलती-फूलती रही। सम्भवत: कच्छ के रन के रेत से भर जाने के कारण यह सभ्यता नष्ट हो गयी। वर्षा के अभाव में यह स्थान मरुस्थल बनता गया।

(सन्दर्भ-इण्डियन आर्कियोलोजीकाल-ए रिव्यू)

आहड़ (उदयपुर)

- इस स्थल के उत्खनन का कार्य सर्वप्रथम 1953 में **अक्षय कीर्ति व्यास** के नेतृत्व में हुआ। 1954 ई. में रत्नचन्द्र अग्रवाल तथा 1961-62 ई. में हँसमुख धीरजलाल बांकलिया के नेतृत्व में इस स्थल का उत्खनन करवाया गया। यह सभ्यता आज से लगभग 4000 वर्ष प्राचीन हैं। डॉ. गोपीनाथ शर्मा ने आहड़-सभ्यता का समृद्ध काल 1900 ई.पू. से 1200 ई.पू. तक माना है।
- प्राचीन शिलालेखों में आहड़ का पुराना नाम **'ताम्रवती'** अंकित है। ताँबे के उपकरणों की प्रचुरता के कारण इसे प्राचीनकाल में **ताम्रनगरी** कहा जाता था। दसवीं व ग्याहरवीं शताब्दी में आहड़ को **'आघाटपुर'** अथवा 'आघट दुर्ग' के नाम से जाना जाता था। इसे **स्थानीय भाषा में 'धूलकोट'** भी कहा जाता है। उदयपुर से तीन किलोमीटर दूर **बनास एवं बेड़च नदी के पास** धूलकोट के नीचे आहड़ का पुराना कस्बा दबा हुआ है जहाँ से ताम्र युगीन सभ्यता प्राप्त हुई है।
- आहड़ का सम्पूर्ण कालक्रम दो कालखण्डों में बाँटा जा सकता है - प्रथम कालखण्ड 'ताम्रयुगीन' व द्वितीय कालखण्ड 'लौहयुगीन' सभ्यता के द्योतक है।
- आहड़ ताम्रधातु कर्मी थे। यहाँ ताम्र उपकरण, बर्तन, काले व लाल रंग के मृद्भाण्ड आदि प्राप्त हुए हैं। काले एवं लाल रंग के मृद्पात्रों का उपयोग करते थे। यहाँ अनाज रखने के बड़े भाण्ड भी मिले हैं, जिन्हें स्थानीय भाषा में **'गोरे और कोठे'** कहा जाता था। आहड़ के विशिष्ट आकृति के बर्तनों को **'ब्लेक एण्ड रेड वेयर' (काले व लाल रंग के मृदभाण्ड)** कहा जाता है।
- आहड़वासियों का महत्त्वपूर्ण व्यवसाय अयस्क **ताँबे का गलाना तथा ताम्र वस्तुएँ बनाना व उपकरण बनाना** था। ये लोग लाल, भूरे व काले मिट्टी के बर्तन काम में लेते थे। यहाँ ताँबे की छ: मुद्रायें व तीन मोहरें मिली है। एक मुद्रा पर एक ओर त्रिशूल तथा दूसरी ओर अपोलो देवता अंकित है जो तीर एवं तरकश से युक्त है। इस पर यूनानी भाषा में लेख अंकित है। यह मुद्रा दूसरी शताब्दी ईस्वी की है। आहड़वासी शव को कपड़ों तथा आभूषणों सहित गाड़ते थे, जिसमें **सिर उत्तर में व पैर दक्षिण** में होते थे।
- यहाँ से टेराकोटा वृषभ आकृतियाँ मिली है, जिन्हें **'बनासियन बुल'** कहा गया है।
- आहड़वासियों के **आभूषण** अधिकांशत: **पकी हुई मिट्टी के** मणकों के थे, लेकिन कुछ **कीमती पत्थरों (गोमेद, स्फटिक) के** भी थे। खुदाई में दो प्रकार के मणके या मणियाँ प्राप्त हुई है।
- आहड़ के मकानों में एक से अधिक चूल्हे मिले हैं। यहाँ रसोई में **दो या तीन मूँह वाले चूल्हे तथा बलुए पत्थर के सिलबट्टे** प्राप्त हुए हैं। यहाँ घर में एक साथ 6 चूल्हे भी प्राप्त हुए हैं।
- आहड़ सभ्यता के लोग कृषि से परिचित थे। ये लोग अन्न का उत्पादन करते थे। आहड़ सभ्यता के लोग **गेहूँ, ज्वार और चावल का खाद्यान्नों के रूप में प्रयोग** करते थे। पशुपालन इनकी अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार था।

बैराठ (जयपुर)

- प्राचीन मत्स्य जनपद की राजधानी विराटनगर (वर्तमान बैराठ) में **'बीजक की पहाड़ी' 'भीम जी की डूँगरी' तथा 'महादेव जी की डूँगरी'** आदि स्थानों पर उत्खनन कार्य **प्रथम बार दयाराम साहनी** द्वारा 1936-37 में तथा पुन: 1962-63 में पुरातत्वविद् नीलरत्न बनर्जी तथा कैलाशनाथ दीक्षित द्वारा किया गया। **यह सभ्यता बाणगंगा नदी के मुहाने पर विकसित हुई।**
- **1837 ई. में कैप्टन बर्ट द्वारा यहाँ भाब्रु शिलालेख की खोज की गई** जिसके नीचे ब्राह्मी लिपि में 'बुद्ध-धम्म-संघ' तीन शब्द लिखे हुये है। जिसे वर्तमान में कोलकाता संग्रहालय में रखा गया है। वर्ष 1990 ई. में बैराठ के आस-पास की पहाड़ियों में स्थित शैलाश्रयों में अनेक शैलचित्र खोजे गये।
- सिंधु घाटी सभ्यता के प्रागैतिहासिक काल के समकालीन इस स्थल में **मौर्यकालीन (अशोक के शिलालेख)** एवं मध्यकालीन अवशेष प्राप्त हुए हैं। इसके उत्खनन में 36 मुद्राएँ मिली हैं जिनमें 8 चाँदी की **पंचमार्क मुद्राएँ व 28 इण्डो ग्रीक (जिसमें 16 मुद्राएँ राजा मिनेन्डर की)** मुद्राएँ हैं।

- 1999 में बीजक की पहाड़ी से अशोक कालीन '**गोल बौद्ध मंदिर**', 'स्तूप' एवं '**बौद्ध मठ**' के अवशेष मिले हैं जो हीनयान सम्प्रदाय से संबंधित हैं, ये भारत के प्राचीनतम मंदिर माने जा सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि यहाँ स्थित भीम की डूँगरी (पाण्डु हिल) के पास पाण्डवों ने अपने अज्ञातवास का अंतिम एक वर्ष छद्मवेश में मत्स्य नरेश विराट राजा की सेवा में व्यतीत किया था।
- यहाँ सूती कपड़े में बंधी मुद्राएँ व पंचमार्क सिक्के मिले हैं। इस क्षेत्र से पुरातात्त्विक सामग्री का विशाल भंडार प्राप्त हुआ है। यहाँ लौह उपकरण भी प्राप्त हुए हैं। इस स्थल की खुदाई में मृद्पात्र पर त्रिरत्न व स्वस्तिक अलंकार आदि प्राप्त हुए हैं।
- यहाँ एक स्वर्ण मंजूषा प्राप्त हुई है, जिसमें भगवान बुद्ध के अस्थि अवशेष थे। सन् 634 में ह्वेनसांग विराटनगर आया था। उसने यहाँ बौद्ध मठों की संख्या 8 लिखी थी। विराटनगर के मध्य में अकबर ने एक टकसाल खोली थी। इस टकसाल में अकबर, जहाँगीर तथा शाहजहाँ के काल में तांबे के सिक्के ढाले जाते थे। यहाँ एक मुगल गार्डन, ईदगाह तथा कुछ अन्य इमारतें भी बनवाई गई थी।

बागोर (भीलवाड़ा)

- बागोर सभ्यता का उत्खनन स्थल भीलवाड़ा जिले से लगभग 25 किलोमीटर दूर **कोठारी नदी के किनारे स्थित महासतियाँ का टीला** है। **डॉ. वीरेन्द्रनाथ मिश्र** एवं **डॉ. एल.एस. लेशनि** के नेतृत्व में 1967-68 में उत्खनित किए गए। इस स्थल से **मध्य पाषाणकालीन एवं लघु पाषाणकालीन वस्तुएँ**, उपकरण, हथौड़े, गाय, बैल के अवशेष, **कृषि एवं पशुपालन के प्राचीनतम साक्ष्य** प्राप्त हुए हैं। इसे '**आदिम संस्कृति का संग्रहालय**' कहा जाता है।
- बागोर के उत्खनन में प्राप्त प्रस्तर उपकरण काल विभाजन के क्रम से **तीन चरणों में विभाजित (आखेट, पशुपालन, कृषि)** किये गये है। **प्रथम चरण** 3000 ई.पू. से लेकर 2000 ई. पू. तक, **द्वितीय चरण** 2000 ई.पू. से 500 ई.पू. का तथा **तृतीय चरण** 500 ई.पू. से लेकर प्रथम ई.पू. सदी तक का मानव सभ्यता का काल था। इन पाषाण उपकरणों को स्फटिक (Quartz) एवं चर्ट पत्थरों से बनाया जाता था। इनमें मुख्यत: पृथुक (Flake), फलक (Blade) एवं अपखण्ड (Chià¿) बनाये जाते थे। ये उपकरण आकार में बहुत छोटे (लघु अश्म उपकरण-Microlighs) थे। यहाँ पाये गये लघु पाषाण उपकरणों में ब्लेड, छिद्रक, स्क्रेपर, बेधक एवं चांद्रिक आदि प्रमुख है। बागोर में द्वितीय चरण के उत्खनन में केवल 5 ताम्र उपकरण मिले हैं, जिसमें एक सुई (10.5 सेमी लम्बी), एक कुन्ताग्र (Sà¿earhead), एक त्रिभुजाकार शस्त्र, जिसमें दो छेद हैं, प्रमुख हैं। इस चरण में उत्खनन में मकानों के अवशेष भी मिले हैं जिससे पुष्टि होती हैं इस समय मनुष्य ने एक स्थान पर स्थायी जीवन जीना प्रारम्भ कर दिया था।
- उत्खनन के तृतीय चरण में हड्डियों के अवशेष बहुत कम होना स्पष्ट करता है कि इस काल (500 ई.पू. से ईसा की प्रथम सदी) में मानव संस्कृति में **कृषि की प्रधानता (14 प्रकार की कृषि के अवशेष)** हो गई थी।
- बागोर सभ्यता में **मोतियों के आभूषण तीनों स्तरों के उत्खनन** में प्राप्त हुए हैं। हार तथा कान के लटकनों में मोती बहुतायत से प्रयुक्त किये जाते थे। ये मोती एगेट, इन्द्रगोप व काँच के बने होते थे।
- बागोर में मकानों के अवशेष द्वितीय एवं तृतीय चरण में प्राप्त हुए हैं। **मकान पत्थर के बने** हैं। फर्श में भी पत्थरों को समतल कर जमाया जाता था।
- बागोर में उत्खनन में पाषाण उपकरणों के साथ-साथ एक मानव कंकाल भी प्राप्त हुआ है। बागोर उत्खनन में कुल 5 कंकाल प्राप्त हुए हैं, जिनसे स्पष्ट होता है कि शव को दक्षिण पूर्व - उत्तर पश्चिम में लिटाया जाता था तथा उसकी टांगे मोड़ दी जाती थी।

निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़)

- चित्तौड़गढ़ स्थित निम्बाहेड़ा पुरातात्त्विक स्थल **निम्बा एवं कझाली नदी (कदमाली नदी) के किनारे** स्थित है। यह क्षेत्रीय सांस्कृतिक दृष्टि से मालवा व मेवाड़ का संगम स्थल तथा भौगोलिक दृष्टि से पहाड़ी, पठारी व मैदानी स्थल है। निम्बाहेड़ा से 40 किमी. दूर **घारेश्वर के समीप बहने वाली गुंजाली नदी के किनारे** स्थित शैलाश्रयों की लगभग 300 मीटर लम्बी शृंखला में बड़ी संख्या में **प्रागैतिहासिक शैल चित्र** उपलब्ध हुए हैं। घारेश्वर के शैलचित्र आकार व बनावट की दृष्टि से अन्य स्थानों भीम बैठका, अल्मोड़ा से प्राप्त शैलचित्रों की तरह परिष्कृत नहीं है। इसका अर्थ यह है कि यह क्षेत्र **मानव सभ्यता के विकास का आरम्भिक स्तर** माना जा सकता है। यह शैलचित्र प्राकृतिक व अन्य कारणों से नष्ट हो रहे हैं, अत: इनके उचित संरक्षण की आवश्यकता है।
- निम्बाहेड़ा से 15 किमी. दूर **माधाखेड़ी का मंदिर** पुरातात्त्विक दृष्टि से अल्पज्ञात है। यह शिवमंदिर मूर्ति शिल्प की दृष्टि से अति महत्त्वपूर्ण है। निम्बाहेड़ा से 18 किमी. दूर मकनपुरा गाँव के मंदिर के आसपास बिखरे हुए पुरातात्त्विक अवशेष देखे जा सकते हैं।

- निम्बाहेड़ा क्षेत्र में स्थित **बिनोता की बावड़ी, खेड़ा नाहरसिंह माता के मंदिरों** के सम्बन्ध में अध्ययन व अनुसंधान किया गया। चूंकि निम्बाहेड़ा क्षेत्र के पुरातात्त्विक स्रोत का आधार अधिकांशत: भग्नावशेष के रूप में है।

गणेश्वर (सीकर)

- प्राक्हड़प्पा, हड़प्पाकालीन एवं ताम्रयुगीन यह स्थल सीकर जिले के **नीम का थाना तहसील में कांटली नदी के उद्गम स्थल पर स्थित** है। इसका उत्खनन 1977 में **रत्न चन्द्र अग्रवाल** और 1978-79 में विजय कुमार ने करवाया।
- ताम्रयुगीन संस्कृतियों में सबसे प्राचीनतम (लगभग 2800 वर्ष ई. पू.) यह स्थल **ताम्रयुगीन सभ्यताओं की जननी कहा जाता** है। यहाँ जून, 2006 में खुदाई के दौरान ढेर सारी ताम्र वस्तुएँ एक ही स्थान पर मिली है। खुदाई के दौरान 50 से अधिक पुरास्थल, ताम्र की चद्दर से बनाये गये 1000 तीर तथा करीब 2000 ताम्र उपकरण भी मिले है।
- उल्लेखनीय है कि प्राचीन समय में गणेश्वर से ही हड़प्पा में ताम्र की वस्तुएँ भेजी जाती थी और इसके बदले में यहाँ के निवासियों को अनाज मिलता था।
- गणेश्वर के उत्खनन से कई सहस्त्र ताम्र आयुध व ताम्र उपकरण प्राप्त हुए हैं। इनमें कुल्हाड़े, तीर, भाले, सुइयाँ, **मछली पकड़ने के काँटे,** चूड़ियाँ व विविध ताम्र आभूषण प्रमुख हैं। इस सामग्री में 99 प्रतिशत तांबा है। ताम्र आयुधों के साथ लघु पाषाण उपकरण मिले हैं, गणेश्वर से जो मृदपात्र प्राप्त हुए हैं, वे कृपिषवर्णी मृदपात्र कहलाते है। मृद्पात्रों में प्याले, तश्तरियाँ व कूंडियाँ प्रमुख हैं। शिकार के साथ पशुपालन भी प्रारम्भ हो चुका था तथा इस समय लोग मृद् भांड कला में विशेष रूप से सिद्ध-हस्त थे।

ओझियाना

- ताम्रयुगीन आहड़ संस्कृति से संबंधित यह पुरातात्विक स्थल भीलवाड़ा जिले में बदनोर के पास स्थित है। यहाँ **बी. आर. मीणा व आलोक त्रिपाठी** ने सन् 2000 ई. में उत्खनन करवाया। यहाँ से प्राप्त गाय की लघु मीणकृति (मृण्मूर्ति) बहुत महत्त्वपूर्ण है। यह स्थल आहड़ सभ्यता-संस्कृति का ही एक अन्य स्थल है। इसकी एक विशिष्टता यह है कि यह पहाड़ी पर स्थित है जबकि आहड़ सभ्यता के अन्य स्थल नदी घाटियों में पनपे थे। उत्खनन में प्राप्त मृद्भाण्डों एवं भवन के ढाँचों के अवशेषों के आधार पर इस स्थल पर तीन चरणों की सभ्यताओं के प्रमाण मिले हैं -
  - **प्रथम स्तर (First Phase)** में प्राप्त अवशेषों से ज्ञात होता है कि इस काल में लोग कृषक थे जो पहाड़ी पर रहना पसंद करते थे। इस समय के काले एवं लाल रंग के मृदभाण्डों पर सफेद रंग में चित्रण किया गया है। इनके मकान कच्ची ईंटों के बने हुए थे।
  - **द्वितीय स्तर (Second Phase)** के अवशेषों से स्पष्ट होता है कि इस सभ्यता के निवासी अब भवन निर्माण में मिट्टी की ईंटों के साथ-साथ पत्थरों का उपयोग भी करने लगे थे। मकान में कई कमरे व रसोई के अवशेष मिले हैं।
  - **तृतीय स्तर (Third Phase)** में प्राप्त मृद्भाण्डों को पकाने की विधि उसे प्रथम दो स्तरों से अलग करती है।
- खुदाई में बड़ी मात्रा में कई आकार-प्रकार में मिट्टी के बैलों की आकृतियाँ मिली हैं जिन पर की गई सफेद रंग की चित्रकारी इस सभ्यता को तत्कालीन अन्य सभ्यताओं से अलग करती है। ये सफेद चित्रित बैल 'ओझियाना बुल' नाम से प्रसिद्ध है। इस स्थल पर प्राप्त पुरावशेषों के आधार पर अनुमान है कि इस सभ्यता का काल 2500 ई. पूर्व से 1500 ई. पूर्व का रहा होगा।

गिलूण्ड

- राजसमंद जिले में बनास नदी के तट से कुछ दूरी पर स्थित **ताम्रयुगीन सभ्यता का नवपाषाणकालीन पुरातात्त्विक स्थल गिलूण्ड** का उत्खनन **श्री बी. बी. लाल द्वारा 1957-58 ई.** में करवाया गया। खुदाई में ताम्रयुगीन सभ्यता एवं बाद की सभ्यताओं के अवशेष मिले हैं। यह स्थल आहड़ सभ्यता स्थल से लगभग 30 किमी. दूरी पर स्थित है। यहाँ भी आहड़ युगीन सभ्यता का प्रसार था। यहाँ चूने के प्लास्टर एवं कच्ची दीवारों का प्रयोग होता था।
- गिलूण्ड में काले एवं लाल रंग के मृदभाण्ड मिले हैं। इस स्थल पर 100×80 फीट आकार के एक विशाल भवन के अवशेष मिले हैं जो ईंटों से बना हुआ है। आहड़ में इस प्रकार के भवनों के अवशेष प्राप्त नहीं हुए हैं। आहड़ में पक्की ईंटों के प्रयोग के साक्ष्य नहीं मिले हैं जबकि गिलूण्ड में पक्की ईंटों का प्रयोग बहुतायत से हुआ है। इसी प्रकार आहड़ के मृद्पात्रों को केवल ज्यामितीय अलंकरणों से चित्रित किया गया था जबकि गिलूण्ड के मृदपात्रों पर ज्यामितीय चित्रांकन के अलावा प्राकृतिक चित्रांकन भी किया गया है।

टोंक के पास नगर फोर्ट के समीप टीलों के नीचे मिला शहर

☞ **उणियारा कस्बे के पास स्थित स्थल जिसका प्राचीन नाम मालव नगर था।** टोंक के पास नगर फोर्ट के दूर-दूर तक फैले टीलों के मैदान के नीचे 20-25 फीट नीचे बसे इस शहर की खोज करीब 150 साल पहले अंग्रेज पुरातत्वविद् **एसीएल कर्लाईली** ने की थी। यहाँ 2200 साल पहले ऐसा नगर था, जिसमें हजारों लोग रहते थे। यह सम्भवत: तत्कालीन मालवा राजधानी थी। कर्लाईली ने नगर में मिले सिक्कों के आधार पर अनुमान लगाया है कि मुचुकुन्द ने नगर पर हमला कर वहाँ अपना अलग राज्य बनाया। कर्लाईली के मुताबिक वास्तव में इस शहर की स्थापना नाग वंश के लोगों ने की थी और यहाँ के मूल निवासी करकोट नागा थे। इस स्थल का **प्राचीन नाम करकोटा/कार्कोट** नगर था। कर्लाईली को यहाँ ऐसे सिक्के भी मिले थे, जिन पर नागवाहा महाजया और नागवाहा जया लिखा था। इसीलिए इस शहर का नाम नागवाड़ा से अपभ्रंश होते हुए नगर पड़ा। **यहाँ बहुसंख्यक मात्रा में आहत मुद्राएँ एवं मालव सिक्के प्राप्त हुए है।**(स्रोत : राजस्थान पत्रिका, 11 मार्च, 2018)

अन्य पुरातात्त्विक स्थल - एक दृष्टि में

☞ **बालाथल (उदयपुर)**	उदयपुर शहर से लगभग 42 किलोमीटर वल्लभनगर तहसील में स्थित इस स्थल से ताम्रपाषाण युगीन सभ्यता के अवशेष प्राप्त (1993) हुए हैं। बी. एन. मिश्र के नेतृत्व में उत्खनित इस क्षेत्र से कर्णफूल, हार, मृण्मूर्तियाँ व ताँबे के आभूषण प्राप्त हुए हैं। यहाँ से एक दुर्गनुमा भवन भी मिला है तथा ग्यारह कमरों वाला विशाल भवन भी प्राप्त हुआ है। यहाँ से 4000 वर्ष पुराना एक कंकाल मिला है, जिसे भारत में कुष्ठ रोग का सबसे पुरातन प्रमाण माना जाता है। योगी मुद्रा में शवाधान प्राप्त हुआ है।
☞ **ईसवाल (उदयपुर)**	यहाँ एक प्राचीन लौहयुगीन औद्योगिक बस्ती के अवशेष प्राप्त हुए हैं। इस स्थल का उत्खनन कार्य राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर के पुरातत्त्व विभाग के निर्देशन में किया गया है। यहाँ पाँच स्तरों में प्राक् ऐतिहासिक काल से मध्यकाल तक का प्रतिनिधित्व करने वाली मानव बस्तियों के प्रमाण मिले हैं।
☞ **रैढ़ (टोंक)**	**'प्राचीन राजस्थान का टाटा नगर'** के नाम से प्रसिद्ध नगर, जो निवाई के समीप स्थित है। यहाँ उत्खनन में एशिया का अब तक का सबसे बड़ा सिक्कों का भंडार तथा बड़ी संख्या में प्राचीन मूर्तियाँ मिली है। **1938-39 ई. में दयाराम साहनी** तथा **1938-40 ई. में** इस सभ्यता का **उत्खनन डॉ. केदारनाथ पुरी** द्वारा किया गया। रैढ़ के उत्खनन में 3075 आहत मुद्रा या पंचमार्क सिक्के भी पाये गये हैं। रैढ़ से आहत मुद्रा के अतिरिक्त **300 मालव जनपद के सिक्के**, 14 मित्र सिक्के, 6 सेनापति सिक्के, 7 वपु सिक्के, एक अपोलोडोट्स का सिक्का, 189 अज्ञात ताम्र सिक्के और इण्डो - सेसेनियन सिक्के प्रमुख है। रैढ़ के उत्खनन में यवन सिक्कों में यूनानी शासक अपोलोडोट्स का एक खण्डित सिक्का मिला है।
☞ **सोथी (बीकानेर)**	अमलानंद घोष के नेतृत्व में 1953 में खुदाई किए गए इस स्थल से हड़प्पायुगीन अवशेष प्राप्त हुए हैं। इसे **कालीबंगा-प्रथम** के नाम से भी जाना जाता है।
☞ डाडाथोरा (बीकानेर)	यहाँ हाल ही में लघु पाषाणकाल की पुरातात्त्विक सामग्री प्राप्त हुई है।
☞ रंगमहल (हनुमानगढ़)	सरस्वती नदी किनारे स्थित इस स्थल पर खुदाई का कार्य 1952-54 में डॉ. हन्नारिड़ के नेतृत्व में स्वीडिश दल द्वारा शुरू किया गया। यहाँ खुदाई से मिट्टी के बर्तन, आभूषण, पूजा के बर्तन तथा 105 ताँबे की मुद्राएँ प्राप्त हुई जो ईसा पूर्व प्रथम सदी से 300 ई.के है।
☞ जहाजपुर (भीलवाड़ा)	ऐतिहासिक स्थल जहाँ स्थित बड़ा देवरा (पुराने मंदिरों का समूह), पुराना किला व गैबीपरी मस्जिद दर्शनीय है । हाल ही में यहाँ महाभारतकालीन अवशेष मिले है।

☞ देदवास-देवपुर (भीलवाड़ा)	यहाँ सीसा, जस्ता एवं तांबे के बड़े भण्डारों का पता चला है।
☞ कणसव (कोटा)	यहाँ 738 ई. का एक अभिलेख मिला, जो मौर्यवंशीय राजा 'धवल' से संबंधित है।
☞ तिपटिया (कोटा)	दर्रा वन्य जीव अभयारण्य में स्थित 37000 साल पुराने शैल चित्रों का प्राप्ति स्थल।
☞ **माध्यमिका (चित्तौड़गढ) (वर्तमान नाम-नगरी)**	चित्तौड़गढ़ से 13 किमी. दूर स्थित यह नगर बौद्ध एवं वैष्णव मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ शिवि जनपद के सिक्के, गुप्तकालीन कला के अवशेष मिले है। उत्खननकार्य - सर्वप्रथम 1904 में डॉ. भण्डारकर, श्री सौन्दराजन तथा कालान्तर में (1962 में) केन्द्रीय पुरातत्त्व विभाग द्वारा किया गया। यूनानी राजा मिनेण्डर ने 150 ई. पूर्व में **मध्यमिका नगरी** को अपने अधिकार में कर अपने राज्य की स्थापना की। इस संदर्भ में गार्गी संहिता एवं पतजंलि के महाभाष्य तथा महाभारत में चर्चा मिलती है इनमें कहा गया है कि यवत पहले कुसुमपुर (पाटलिपुत्र) पर आक्रमण करेंगे तथा उसका विनाश कर वे साकेत व माध्यमिका (नगरी) पर धावा मारेंगे।
☞ **जूनाखेड़ा/नाडोल (पाली)**	पाली के **जूनाखेड़ा/नाडोल** की खोज वर्ष 1883-84 में एच.डब्ल्यू.बी.के. गैरिक ने की थी। राज्य के पुरातत्त्व विभाग द्वारा वर्ष 1889-90 से 1995-96 के दौरान चार सत्रों में उत्खनन कार्य करवाया गया। यह पहला चौहानकालीन नगर है जहाँ इतने विशाल स्तर पर उत्खनन कार्य करवाया गया। एक मिट्टी के बर्तन पर 'शालभंजिका' का अंकन है। मिट्टी की ऐसी शालभंजिका भारत में पहली उपलब्धि है।
☞ **जोधपुरा (जयपुर)**	साबी नदी के किनारे जयपुर जिले की कोटपुतली तहसील के ग्राम जोधपुर के प्राचीन टीले की खुदाई 1972 -73 में राजस्थान पुरातत्त्व विभाग द्वारा श्री आर.सी. अग्रवाल एवं श्री विजय कुमार के निर्देशन में करवाई गई। यह एक ताम्रयुगीन प्राचीन सभ्यता स्थल है। यहाँ मकान की छतों पर टाइल्स का प्रयोग एवं छप्पर छाने का रिवाज था। इस संस्कृति के मानव ने घोड़े का उपयोग रथ के खींचने में करना प्रारंभ कर दिया था।
☞ **किराडोत (जयपुर)**	यहाँ से ताम्रयुगीन 58 चूड़ियाँ मिली हैं। इसमें विभिन्न आकार की 28 चूड़ियों के दो सेट हैं जो सिंधु घाटी सभ्यता में प्रयुक्त की जाती थी। इसी तरह की 28 चूड़ियाँ (दाएँ हाथ में 4 एवं बाएँ हाथ में 24 चूड़ियाँ) मोहनजोदड़ो से प्राप्त कांस्य की नर्तकी ने पहन रखी थी।
☞ अहेड़ा (अजमेर)	गुप्तकालीन सिक्कों का भण्डार मिला है।
☞ **कुराड़ा (नागौर)**	पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा 1934 में उत्खनन। इससे अन्य ताम्र सामग्री के साथ प्रणालयुक्त अर्ध्यपात्र राजस्थान को भारतीय पुरातत्त्व की विशेष देन है। जो प्राचीन राजस्थान और पश्चिमी एशिया, विशेषत: ईरान से पारस्परिक सम्बन्धों की ओर इंगित करता है।
☞ **मलाह (भरतपुर)**	इस पुरा स्थल से बड़ी संख्या में ताँबे की तलवारें एवं हार्पून (प्रागैतिहासिक काल का वह हथियार जिससे ह्वेल मछली या गैण्डे जैसे बड़े जानवरों का शिकार किया जाता था।) आदि प्राप्त हुई हैं। यह पुरातात्विक स्थल घना केवलादेव अभयारण्य के मध्य स्थित हैं।
☞ **नोह (भरतपुर)**	रूपारेल नदी के किनारे स्थित नोह गाँव में 1963-64 ई. में श्री रतनचन्द्र अग्रवाल के निर्देशन में की गई खुदाई में लौह युगीन सभ्यता के अवशेष मिले हैं। यहाँ से प्रस्तर की **विशालकाय यक्ष प्रतिमा** और चुनार के चिकने पत्थर के कुछ टुकड़े प्राप्त हुए हैं जिन पर मौर्यकालीन पॉलिस है। यहाँ की खुदाई से एक स्थान से 16 'रिंगवेल' मिले हैं।

☞ **बरोर (गंगानगर)**	गंगानगर जिले में प्राचीन सरस्वती नदी के तटवर्ती इस स्थान पर वर्ष 2003 से किये जा रहे उत्खनन से प्राचीन मानव बस्ती होने के प्रमाण प्राप्त हुए हैं। यहाँ प्राप्त हुए पुरावशेषों के आधार पर अनुमान है कि यहाँ प्राक् ऐतिहासिक कालीन, प्रारंभिक हड़प्पाकालीन एवं विकसित हड़प्पाकालीन संस्कृतियाँ फली-फूली थी। यहाँ उत्खनन में प्राप्त मृद्पात्रों में काली मिट्टी पाई गई है जो अन्य किसी भी पुरातात्विक स्थल से नहीं मिली है। उत्खनन में बटन के आकार की मुहरें एवं सेलखड़ी के लगभग 8000 मनके प्राप्त हुए हैं।
☞ गुरारा (सीकर)	यहाँ चाँदी से बने 2744 पंचमार्क सिक्के मिले है।
☞ इन्द्रगढ़ (बूँदी)	वर्ष 1870 में सी.ए. हैकट ने अरावली की कंदराओं में मानव आश्रय के प्रमाण खोजे।
☞ नूआँ (झुँझुनूँ)	यहाँ हवेली की खुदाई में मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर के समय में ईस्ट इंडिया कम्पनी की ओर से जारी एक रुपये मूल्य के चाँदी के हजारों सिक्के मिले हैं।
☞ सुनारी (झुँझुनूँ)	खेतड़ी के पास स्थित इस स्थल में खुदाई (1980-81 में राजस्थान पुरातत्त्व विभाग द्वारा) के दौरान लोहे के अयस्क से लोहा बनाने की प्राचीनतम भट्टियाँ मिली है।
☞ ओला (जैसलमेर)	इस क्षेत्र में 60 हजार से 1 लाख वर्ष पुरानी पाषाण कालीन सामग्री मिली है।
☞ कुंडा (जैसलमेर)	यहाँ उत्खनन के दौरान 5000 वर्ष पुरानी सभ्यता के अवशेष मिले है।
☞ पारेवार व सानू (जैसलमेर)	इस गाँव में चूहे के दाँत के विश्व में प्राचीनतम (9 से 14 करोड़ साल पुराने क्रिटेशियम काल के) जीवाश्म मिले है। राज्य में रीढखम्भधरी श्रेणी के 3 प्रमुख वर्गों स्तनधारी, सरीसृप एवं मत्स्य के जीवाश्मों की यह पहली व्यवस्थित खोज है।
☞ **मंडिया/मण्डपिया** (भीलवाड़ा)	**बनास नदी के** किनारे स्थित पुरापाषाणकालीन स्थल की खोज वीरेन्द्र नाथ मिश्र ने की। यहाँ निम्नपुरापाषाणिक एवं माइक्रोलिथिक उपकरण मिले हैं।

Exam Remainder



स्वयं का मूल्यांकन करें

[Examination Focus with RAS & Assistant Professor]

- ❒ **प्राचीन नगर जो महाभारत और महाभाष्य दोनों में उल्लेखित हैं** – मध्यमिका नगरी [RAS (Pre) Exam-28.08.2016]
- ❒ **बौद्ध धर्म से सम्बंधित पुरातात्विक अवशेष कहाँ मिले हैं?** – बैराठ [College Lecturer 24.04.2016]
- ❒ **निम्नलिखित में से राजस्थान का कौन सा सैन्धव स्थल घग्घर नदी के किनारे स्थित हैं?** –कालीबंगा [College Lecturer 24.04.2016]
- ❒ **लौहयुगीन सभ्यता है** – नोह (भरतपुर), जोधपुरा (जयपुर), सुनारी (झुँझुनूँ)। [R.A.S. Exam 1996]
- ❒ **ताम्रयुगीन सभ्यता है** – बागोर (भीलवाड़ा), गणेश्वर (सीकर), आहड़ (उदयपुर)। [R.A.S. Exam 1999]
- ❒ **कालीबंगा सभ्यता की खोज सर्वप्रथम किसने की थी** – अमलानंद घोष। [R.A.S. Exam 1994, 97]
- ❒ **कालीबंगा का शाब्दिक तात्पर्य है** – काली चूड़ियाँ। [R.A.S. Exam 1996, 99]
- ❒ **मौर्य सभ्यता के प्रमाण किस स्थान पर उपलब्ध है** – जयपुर। [R.A.S. Ex. 94, R.A.S. Ex. 98]
- ❒ **4000 वर्ष पुरानी सभ्यता के पुरातात्त्विक अवशेष उदयपुर के समीप एक गाँव में पाए गए हैं, वह गाँव है** – आहड़। [R.A.S. Pre. Exam 1998]
- ❒ **गणेश्वर का टीला जहाँ से ताम्रयुगीन अवशेष प्राप्त हुए है, कहाँ स्थित है** – सीकर में। [R.A.S. Exam 1989]
- ❒ **कालीबंगा पुरास्थल के किस दिशा में जुता हुआ खेत मिला है**– दक्षिण–पूर्व [कॉलेज व्याख्याता (सारंगी)30.05.2019]
- ❒ **कालीबंगा में प्राप्त चबूतरे निर्मित है**– मिट्टी की ईंटों से [कॉलेज व्याख्याता (इतिहास) –2016]
- ❒ **गिलूण्ड किस नदी किनारे पर स्थित है**– बनास [कॉलेज व्याख्याता (सारंगी) परीक्षा 30.05.2019]
- ❒ **प्रागैतिहासिक काल की बागोर सभ्यता के अवशेष कोठारी नदी के तट पर किस स्थान से प्राप्त हुए हैं** –महासतियाँ [प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) –12.03.2021]
- ❒ **राजस्थान का कौनसा प्रागैतिहासिक स्थल ताम्रपाषाणिक काल से संबंधित है** –बालाथल [कॉलेज व्याख्याता (इतिहास)2016]
- ❒ **निम्नलिखित में से किसने बालाथल का उत्खनन किया**–वी एन मिश्र [कॉलेज व्याख्याता (इतिहास) –2016]
- ❒ **सात अग्नि वेदिकाओं की पंक्ति प्राप्त हुई है**– कालीबंगा
- ❒ **किस इतिहासवेत्ता ने कालीबंगा को सिन्धु घाटी साम्राज्य की तृतीय राजधानी कहा है?** –दशरथ शर्मा
- ❒ **दोहरी रक्षा – प्राचीर के साक्ष्य राजस्थान की किस सभ्यता से प्राप्त हुए हैं ?** –कालीबंगा सभ्यता
- ❒ **निम्नलिखित में से कौन-से स्थल को 'धूलकोट' भी कहा जाता है?** –आहड़
- ❒ **राजस्थान के किस जिले में पुरातात्त्विक 'बागोर कस्बा' स्थित है?** –भीलवाड़ा
- ❒ **बागोर भीलवाड़ा जिले की .....नदी के कांठे पर स्थित है** –कोठारी
- ❒ **डॉ. केदारनाथ पुरी किस पुरातात्विक स्थल के अनुसंधानकर्ता है?** –रैढ़ (टोंक)
- ❒ **अति लघुत्तरात्मक प्रश्न (उत्तर–15 शब्दों में)**
  - पीलीबंगा [RAS Main Exam–1984]
  - बैराठ [RAS Main Exam–1984, 1994]
  - कालीबंगा [RAS Main Exam–1994, 1997]
  - आहड़ [RAS Main Exam–1991,1997]
- ❒ **लघुत्तरात्मक प्रश्न (उत्तर – 50 शब्दों में)**
  - राजस्थान के पुरातात्त्विक स्थल [RAS Main Exam–1996]
- ❒ **निबन्धात्मक प्रश्न (उत्तर – 100/200 शब्दों में)**
  - राजस्थान के निम्नलिखित पुरातात्विक स्थलों का संक्षिप्त विवरण दीजिए– [RAS Main Exam–2018]

    1. बागोर, 2. कालीबंगा, 3. आहड़
  - राजस्थान के पुरातात्त्विक स्थलों की विवेचना एवं उनका महत्त्व। [RAS Main Exam–1999]